[142/A-25] SEAT No.________ No. of printed pages: 2

# SARDAR PATEL UNIVERSITY

**B.A.( 6st Semester) EXAMINATION**
**Thursday 28 MARCH, 2019**
**02:00 P.M. To 05:00 P.M.**
**(UA06CHLT19) Paper- 19**
**हिन्दी साहित्य की गध विधाएँ**

**Total Marks: 70**

सूचना :हिन्दी भाषा में शिरोरेखा करना अनिवार्य है|

प्र॰ १ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए : (किन्हीं तीन) (१५)

१ " मगर दाहिना अँगूठा काट देने से भी आपका उद्देश्य पूरा नहीं होगा | मैं बाँए हाथ से भी उसी कुशलता से लिख लेता हूँ |"

२ " आधुनिक बनने के प्रयत्न में सम्भव है हम योरोप के बाह्य रूप के निकट आ जाएँ | हमारी भीतरी मनोवृति न योरोपीय हो सकेगी न होनी चाहिए और न होने में हमारा कल्याण है |"

३ " अत: खिड़की से झाँककर मैं बिन्दा के दरवाजे पर जमा हुए आदमियों के अतिरिक्त और कुछ न देख सकी और इस प्रकार की भीड़ से विवाह और बारात का जो सम्बन्ध है, उसे मैं जानती थी |"

४ " कैसा है यह देश ! आकाश में चिमनियाँ धुआ उगलती है आदमी शोर उगलता है| धरती पर अबाध गति से शरीर के ऐनोटोमी की परीक्षा होती है और गांधी की यह गतिमय प्रतिमा, सब कुछ मौन देखती रहती है| रवीन्द्र और शरत, राम-मोहन और रामकृष्ण, देशबंधु और नेताजी सुभाष, शिशिर और सत्यजित राय उन सबके इस नगर में क्या नहीं होता है ?"

५ "भेद तो रात्रि के अंधकार में ही मिटता है, दिन के उजाले में भेद स्पष्ट हो जाते है | निन्दा का ऐसा ही भेद नाशक अँधेरा होता है |".

(P.T.O.)

प्र॰ २ 'एकलव्य ने अँगूठा दिखाया' हास्य-व्यंग्य के आधार पर द्रोणाचार्य के चरित्र पर प्रकाश डालिए | (२०)

अथवा

प्र॰ २ टिप्पणी लिखिए :

(१) जीवनी साहित्य का उदभव और विकास |
(२) शान्तिनिकेतन में यात्रावर्णन की विशेषता |

प्र॰ ३ रेखाचित्र का अर्थ बताते हुए महादेवी वर्मा के 'बिन्दा' रेखाचित्र की विशेषता बताइए| (२०)

अथवा

प्र॰ ३ टिप्पणी लिखिए :

(१) निन्दारस निबन्ध में निहित व्यंग्य |
(२) विष्णुप्रभाकर का व्यक्तित्व एवं कृतित्व |

प्र॰ ४ (अ) टिप्पणी लिखिए : ( किन्हीं एक ) (०८)

(१) 'अपनी खबर' आत्मकथा के बेचन शर्मा |
(२) 'बिन्दा' रेखाचित्र की बिन्दा |

प्र॰ ४ (ख) अतिलघुत्तरी प्रश्नों के उत्तर दीजिए | (किन्हीं सात) (०७)

(१) प्रेमचंद: 'लमही में जन्म एवं अंतिम बीमारी' लेखक का नाम लिखिए |
(२) शान्तिनिकेतन में हर्ष प्रकट करने के लिए क्या किया जाता है ?
(३) अर्जुनदास गुरु के घर क्या-क्या पहुँचाता था ?
(४) 'मधुशाला' से बच्चनजी कौन से वाद के प्रवर्तक माने गये ?
(५) पांडेय बेचन शर्मा 'उग्र' का जन्म कब और कहाँ हुआ था ?
(६) 'जहाँ आकाश नहीं दिखाई देता' किस विधा की रचना है ?
(७) 'निन्दारस' किस लेखक का व्यंग्य है ?
(८) डायरी साहित्य का आगमन कहाँ से माना जाता है ?
(९) बिन्दा पंडिताइन चाची को क्या कहती थी ?

*********** X ———